[ 17/3/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 1737 ]

परिशिष्ट-1

(1)

# कार्यालय महाप्रबन्धक
## मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
## परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक – 2, छिन्दवाड़ा

(सरन स्टेट, गौरव होटल के सामने, छिंदवाड़ा, म0प्र0, फोन – 07162–244520)

पत्र क्रमांक/370 /तक./म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा./2025, छिन्दवाड़ा, दिनांक 24/02/2025

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग–छिंदवाडा

विषय :– पुल,पुलिया एवं सडक निर्माण ।
(विधानसभा अतारांकित प्रश्न क.1737 द्वारा श्री सुनील उईके)

संदर्भ :– आपका पत्र क. 844 दिनांक 21.02.2025

0–0–0–0–0–

उपरोक्त संदर्भित पत्र के परिपालन में अतारांकित विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1737 ( श्री सुनील उइके) का उत्तर तैयार कर आपकी ओर संलग्न प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार प्रारूप उत्तर।

महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना क्रियानवयन इकाई क्रमांक –2, छिन्दवाड़ा

4/3/2025
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग,
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट-1

(2)

# मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 05/03/2025

| | | |
|---|---|---|
| वर्ग | :– | 4 |
| सदन में उत्तर देने का दिनांक | :– | 17/03/2025 |
| विभाग का नाम | :– | लोक निर्माण |
| विषय | :– | पुल, पुलिया एवं सड़क निर्माण। |
| अतारांकित प्रश्न क्र. 1737, | :– | द्वारा श्री सुनील उइके |

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) जुन्नारदेव विधानसभा के जुन्नारदेव एवं आरक्षित विकासखण्ड में आवागमन हेतु प्रधानमंत्री सड़क एवं सड़कों से ग्रामों को जोड़ने हेतु विभाग सर्वे कराकर सड़कों एवं पुल पुलियों का निर्माण करवाने इस बजट सत्र में प्रावधान करेगा ?
(ख) क्या तामिया विकासखण्ड की गिरजामाई से झौतकला तक 3 किलोमीटर की सड़क का सर्वे कराकर स्वीकृत करवाने इस बजट सत्र में प्रावधान करेंगे, जिससे पचमढ़ी शिवरात्रि मेला एवं श्रावण मेला में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं एवं ग्रामीण आबादी को आवागमन सुलभ हो सकेगा।
(ग) क्या तामिया विकासखण्ड के ग्राम सावरवानी, अन्होनी, मुत्तौर में पुलियों का सर्वे कराकर निर्माण कराने पर इस बजट सत्र में प्रावधान करेंगे।
(घ) क्या जुन्नारदेव विधानसभा में सर्वे कराकर प्रधानमंत्री सड़क के निर्माण में पुल पुलिया एवं क्षतिग्रस्त मार्ग जो दुर्गम क्षेत्र में तेजी से वर्षा हो जाने के कारण बह जाती है। क्या छूटी पुल पुलिया एवं क्षतिग्रस्त मार्ग को सुधार करने पर इस बजट सत्र में प्रावधान करेंगे।

<u>उत्तर</u>

(क) जी हॉं। जुन्नारदेव विधानसभा के जुन्नारदेव आरक्षित विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत कोर नेटवर्क अनुसार 250 से अधिक जनसंख्या (वर्ष 2001) के ग्राम को एकल संपर्कता प्रदाय की जा चुकी है। एवं उक्त मार्गो पर स्थित सभी नदी नालों पर पुल पुलिया रपटे बनाये जा चुके है। अतः प्रश्नांश का शेष भाग लागू नहीं होता है।

(ख) गिरिजामाई मंदिर मुत्तौर से सुआम मार्ग पर स्थित है। अतः उक्त मंदिर को इटावा, मुत्तौर एवं सुआम ग्रामों से संपकर्ता प्राप्त है। ग्राम झोतकला को पूर्व से लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित मार्ग घटिया से झोतकला से संपकर्ता प्राप्त है एवं गिरिजामाई मंदिर को भी संपकर्ता प्राप्त है।

अतः दोनों को आपस में जोड़ा जाना दोहरी संपकर्ता की श्रेणी में आता है, जो कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की नीतियों में प्रावधानित नहीं होने के कारण मार्ग नहीं बनाया जा सकता।

(ग) तामिया विकासखण्ड के ग्राम सावरवानी, अनहोनी को मार्ग टी01 झिरपा रोड़ मार्ग से सावरवानी एवं झिरपा चांवलपानी मार्ग से अनहोनी इस योजना के अंतर्गत संपकर्ता प्रदाय की जा चुकी है। उक्त दोनों मार्गो में नवीन पुल पुलियों की आवश्यकता नहीं है। अतः पुलियों का सर्वे कराने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

मुत्तौर के संबंध में लेख है कि ग्राम मुत्तौर को इटावा से मुत्तौर लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित एवं संचालित सड़क के माध्यम से जोड़ा गया है। अतः प्रश्नांश का मुत्तौर से संबंधी भाग लोक निर्माण विभाग से संबंधित है।

(घ) प्रश्नांश घ के संबंध में लेख है कि विधानसभा जुन्नारदेव के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों पर स्थित नदी–नालों पर पुल–पुलिया बने हुये है एवं तेज वर्षा से क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में सुधार करने हेतु आकस्मिक मद एवं स्पेशल रिपेयर के अंतर्गत स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाता है।

4/3/2025

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग,
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल

महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना क्रियानवयन इकाई क्रमांक –2, छिन्दवाड़ा

Scanned with OKEN Scanner